an>

Title: Need to ensure procurement of wheat and garlic at Minimum Support Price in Amreli and Bhavnagar, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली एवं भावनगर में गेहूं एवं लहसुन की पुसल अच्छी हुई है। फसल अधिक होने से किसानों को न्यूनतम निर्धारित मूल्य से कम मूल्य पर अपना गेहूं एवं लहसुन बेचना पड़ रहा है क्योंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं एवं लहसुन खरीदा नहीं जा रहा है जिसके कारण मजबूरी में उन्हें अपना गेहूं एवं लहसुन बेचना पड़ रहा है। व्यापारियों ने किसानों से कम मूल्य पर गेहूं खरीदना शुरू कर दिया है। यह किसानों के हित में नहीं है। सरकारी एजेंसियों ने अभी तक किसानों से गेहूं एवं लहसुन नहीं खरीदा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकार ऐसी व्यवस्था करें कि जिस न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं लहसुन का निर्धारित किया गया है उस मूल्य से कम पर गेहूं एवं लहसुन को बेचने के लिए किसानों को मजबूर न होना पड़े।